रिकार्ड बता रहे हैं कि जेवर चोरी नहीं, विधिवत गिरवी रखे गए थे

# अपर सत्र न्यायालय ने पलटा मजिस्ट्रेट का आदेश

## पांच लाख की प्रतिभूति पर सुपुर्दगी के निर्देश

**जबलपुर** । सात वर्षों से चोरी के कथित आभूषणों के विवाद में उलझे सराफा व्यापारी को 18 वें अपर सत्र न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि उपलब्ध दस्तावेज, गिरवी रजिस्टर और पुलिस विवेचना प्रथम दृष्टया इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि जिन आभूषणों को चोरी का बताया गया था, वे वास्तव में आर्थिक आवश्यकता के चलते विधिवत गिरवी रखे गए थे। इसी निष्कर्ष के साथ न्यायालय ने निचली अदालत का आदेश निरस्त कर आभूषण सुपुर्द करने के निर्देश जारी कर दिए।

पुनरीक्षणकर्ता जबलपुर निवासी विनोद अवधिया की ओर से अधिवक्ता शांतनु आयाची और आदर्श हीरा ने तर्क दिया कि चोरी की पूरी कहानी एक झूठी रिपोर्ट पर आधारित थी। गिरवी रखे गए जेवरों को चोरी की संपत्ति बताकर व्यापारी को अनुचित रूप से मुकदमे में उलझाया गया। अदालत ने इन तर्कों को स्वीकार करते हुए सात वर्ष पुराने विवाद में सराफा व्यापारी को महत्वपूर्ण न्यायिक राहत प्रदान की।




न्यायालय ने थाना कोतवाली में दर्ज मामले अंतर्गत जब्त स्वर्णाभूषण पांच लाख की प्रतिभूति पर विनोद अवधिया को सुपुर्द करने का आदेश दिया। साथ ही शर्त रखी कि अंतिम निर्णय तक आभूषणों की मूल स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा ।आवश्यकता पड़ने पर उन्हें विचारण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

हाई कोर्ट ने कहा-सात दिन में आवेदन दें, 30 दिन में फैसला करें सक्षम प्राधिकारी

## *स्थानांतरण पर तत्काल राहत : आवेदन के निर्णय तक आदेश पर रोक*

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने रायसेन जिले के जनपद पंचायत बेगमगंज में पदस्थ सहायक लेखा अधिकारी सावन श्रीवास को स्थानांतरण मामले में अंतरिम राहत प्रदान की है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता सात दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। प्राधिकारी को उस पर 30 दिनों के भीतर निर्णय लेना होगा। तब तक 15 जून, 2026 का स्थानांतरण आदेश प्रभावी नहीं रहेगा और याचिकाकर्ता वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही कार्य करते रहेंगे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता भूपेन्द्र कुमार शुक्ला ने दलील दी कि स्थानांतरण आदेश स्थानांतरण नीति के विपरीत है व इससे व्यक्तिगत कठिनाई भी उत्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले से दिया गया अभ्यावेदन लंबित है। राज्य की ओर से पैनल अधिवक्ता जुबिन प्रसाद ने तर्क दिया कि स्थानांतरण नीति के उल्लंघन अथवा व्यक्तिगत कठिनाई के आधार पर रिट क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

जबलपुर मुख्यालय से होगी लाईव निगरानी

# ट्रांसको के सब-स्टेशनों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने जबलपुर,भोपाल, इंदौर,उज्जैन, ग्वालियर सहित राज्य के अपने एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों की सुरक्षा सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हाई-परफॉर्मेंस एचडी सीसीटीवी कैमरों की स्थापना शुरू कर दी है। लगभग 8.15 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना विद्युत ग्रिड को चोरी, अनाधिकृत प्रवेश और संभावित नुकसान से सुरक्षित रखने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 417 सबस्टेशनों पर कैमरे चरणबद्ध तरीके से लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों की स्थापना से सबस्टेशनों की सुरक्षा एवं गश्त में मानव संसाधन के साथ तकनीक के उपयोग से सुरक्षा की दोहरी परत सुनिश्चित की जा सकेगी।

### टेक्नोलॉजी आधारित सुरक्षा कवच

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यह पहल एमपी ट्रांसको द्वारा एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइनों की निगरानी हेतु ड्रोन तकनीक के उपयोग के बाद उठाया गया एक और तकनीकी कदम है, जो कंपनी के टेक्नोलॉजी-आधारित सुरक्षा समाधान की दिशा में बढ़ते प्रयासों को दर्शाता है। कैमरे लगाने का निर्णय पूर्व में ट्रांसफॉर्मरों से कॉपर न्यूट्रल स्ट्रिप की बढ़ती चोरी की घटनाओं के मद्देनजर लिया गया था। ये कॉपर स्ट्रिप ट्रांसफॉर्मर का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग हैं, जिनके हटाए जाने से व्यापक क्षति और विद्युत आपूर्ति में गंभीर बाधा उत्पन्न हो सकती है। चोर इन कॉपर स्ट्रिप्स को निशाना बना रहे थे, जिनका उनके लिए भले ही सीमित मूल्य हो, लेकिन ट्रांसफॉर्मरों के लिए यह अत्यंत आवश्यक हैं। इन स्ट्रिप्स को हटाने से न केवल चोरों के जीवन को खतरा होता है, बल्कि ट्रांसफॉर्मर फेल होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को तीन से चार माह तक बिजली आपूर्ति से वंचित होना पड़ सकता है।

### कॉपर स्ट्रिप चोरी से आपूर्ति में सबसे बड़ी बाधा

यदि कॉपर स्ट्रिप चोरी के कारण ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त होता है, तो कंपनी को आर्थिक क्षति के साथ-साथ महत्वपूर्ण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था दो से तीन माह तक प्रभावित हो सकती है। ट्रांसफॉर्मर प्रायः ऑर्डर पर निर्मित होते हैं, इसलिए उन्हें बदलने में कई महीने लग जाते हैं। स्थापित एचडी कैमरे सबस्टेशनों को 360 डिग्री कवरेज प्रदान कर रहे हैं तथा इनमें नाइट विजन, मोशन डिटेक्शन और हाई-रिजॉल्यूशन रिकॉर्डिंग जैसी आधुनिक तकनीकें भी उपलब्ध हैं। इससे रात के समय या दूरस्थ क्षेत्रों में भी संदिग्ध गतिविधियों की पहचान आसानी से की जा सकेगी।

### लाइव फीड अधिकारियों के मोबाइल पर

इन कैमरों का लाइव फीड संबंधित सबस्टेशन प्रभारियों को उनके मोबाइल उपकरणों पर उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के एकीकरण के माध्यम से जबलपुर स्थित शक्तिभवन मुख्यालय के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से प्रदेश के सभी 417 सबस्टेशनों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग का कार्य प्रगति पर है। इस तकनीकी व्यवस्था से न केवल सुरक्षा में वृद्धि होगी, बल्कि किसी भी तकनीकी गड़बड़ी, अनाधिकृत प्रवेश या आपात स्थिति की त्वरित जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी।

टैंकरों के पीछे दौड़ रहे लोग, भीषण गर्मी में नहाना भी मुश्किल

# शहर प्यासा, रांझी के बाद अब सदर में गहराया जलसंकट

**जबलपुर**। आसमान से बरसने वाली बारिश की हर बूंद का इंतजार कर रहा जबलपुर इन दिनों भीषण जलसंकट से जूझ रहा है। मानसून की सुस्ती का असर अब शहर की नलों तक साफ दिखाई देने लगा है। रांझी क्षेत्र के बाद अब सदर और उससे जुड़े कई इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। हालात ऐसे हैं कि अनेक बस्तियों में लोगों को एक समय की जलापूर्ति भी नसीब नहीं हो रही। सुबह नलों के पास खाली बाल्टियों की कतारें लग रही हैं और टैंकर पहुंचते ही पानी के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने लोगों की दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी है। पीने के पानी से लेकर नहाने, खाना बनाने और घरेलू कामकाज तक के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि नगर निगम के नियमित जलापूर्ति के दावे धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। कई क्षेत्रों में टंकियां पूरी तरह नहीं भर पा रहीं, जिसके कारण सप्लाई लगातार प्रभावित हो रही है।



### घटता जलस्तर बना चिंता का कारण

शहर के प्रमुख जल स्त्रोत परियट जलाशय का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसी जलाशय से 13 पानी की टंकियों को भरा जाता है, लेकिन पानी कम होने के कारण टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भर पा रही हैं। इसका सीधा असर रांझी, गोकलपुर, बिलपुरा, मानेगांव, मढ़ई सहित आसपास के इलाकों पर पड़ रहा है, जहां लोग कई दिनों से पानी की कमी झेल रहे हैं।

### न्यूनतम के करीब पहुंचा परियट का जलस्तर

परियट जलाशय का जलस्तर अपनी न्यूनतम सीमा के करीब पहुंच गया है। दरअसल जलाशय का अधिकतम जल स्तरः 1390 फीट, न्यूनतम जल स्तरः 1360 फीट है लेकिन वर्तमान में जल स्तरः 1363 फीट है।

### खंदारी क्षेत्र में भी बढ़ने लगी परेशानी

खंदारी जलाशय की स्थिति फिलहाल परियट जितनी गंभीर नहीं है, क्योंकि यहां बोरवेलों से कुछ राहत मिल रही है। इसके बावजूद जलस्तर लगातार गिरने से बिलहरी, कजरवारा, गोराबाजार, टेमरभीटा और तिलहरी जैसे क्षेत्रों में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो आने वाले दिनों में यहां भी स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### खंदारी जलाशय की स्थिति

अधिकतम जल स्तरः 1454 फीट, न्यूनतम जल स्तरः 1421 फीट, वर्तमान जल स्तरः 1429 फीट है।

### बारिश पर टिकी उम्मीदें

जल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो शहर की जलापूर्ति व्यवस्था पर और अधिक दबाव बढ़ सकता है। दूसरी ओर नागरिकों की मांग है कि नगर निगम प्रभावित क्षेत्रों में नियमित टैंकरों की संख्या बढ़ाए और जल वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करे। शहर की प्यास अब केवल नलों से नहीं, बल्कि आसमान से बरसने वाली बारिश से बुझने की उम्मीद लगाए बैठी है। जब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं होता, तब तक जबलपुर के हजारों परिवारों की परेशानी कम होती नजर नहीं आ रही।

अमृत भारत स्टेशन योजना, कवच प्रणाली एवं रखरखाव व्यवस्थाओं की प्रगति का लिया जायजा

# पमरे महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कोटा व न्यू कोटा स्टेशन पुनर्विकास कार्यों एवं वैगन रिपेयर वर्कशॉप का किया निरीक्षण

**जबलपुर**। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अपने दो दिवसीय कोटा मंडल निरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कोटा रेलवे स्टेशन एवं न्यू कोटा स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत महाप्रबंधक कुलकर्णी सभागार में आयोजित एसएनटी कॉन्फ्रेंस में भी शामिल हुए। इसके पश्चात उन्होंने न्यू कोटा स्टेशन पहुंचकर यात्री सुविधाओं एवं स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री ललित कुमार धुरंधर एवं योगेश कुमार मित्तल मुख्य परियोजना प्रबंधक सौरभ मिश्रा सहित मंडल के अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप का निरीक्षण कर व्हील एवं सीटीआरबी शॉप, बोगी शॉप तथा बॉक्स शॉप की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी प्रबंधक सुधीर सरवरिया, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार एवं प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एकनाथ मोहकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक ने कोटा स्थित सिग्नल एवं दूरसंचार जीएसयू यूनिट में स्थापित उन्नत कवच फैट रूम का उद्घाटन किया तथा कवच प्रणाली की विश्वसनीयता एवं परिचालन दक्षता बढ़ाने हेतु किए गए तकनीकी नवाचारों की सराहना की। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान कोटा मंडल में चल रहे विकास कार्यों, सुरक्षा प्रणालियों तथा रखरखाव व्यवस्थाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया।

# 4 सड़क दुर्घटनाओं में 4 घायल

**जबलपुर**। खमरिया, पाटन, सिविल लाईन और रांझी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की चार मामलें सामने आए हैं। इस दुर्घटना में 8 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार काछी मोहल्ला पिपरिया निवासी 45 वर्षीय आटो चालक सुनील पटेल अपने आटो क्रमांक एम.पी. 20 आर 8204 में गत दिवस खमरिया बाजार से तीन महिला सवारी को लेकर पिपरिया आ रहा था तभी खमरिया अस्पताल मोड़ के आगे इमली के पेड़ के पास सामने से आ रही कार चालक ने उसकी आटो में दाहिने तरफ टक्कर मार दी, जिससे आटो पलट गई, जिसमें बैठी एक महिला सवारी को ज्यादा चोट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं आटो चालक के पैर एवं कमर और कंधे में चोटे आई हैं। वहीं दो अन्य महिला सवारी को दूसरे वाहन से उनके घर पहुंचाया। इसी प्रकार ग्राम ग्वारी निवासी 35 वर्षीय सुनील चौधरी गत रात लगभग 9 बजे बाजार कर ग्राम सहस्न से पैदल अपने घर ग्वारी जा रहा था राजुल ढाबा के पास स्कूल के चालक ने टक्कर मार दी और पाटन तरफ भाग गया। एक्सीडेंट से उसके वायें पैर में चोटे आयी है। घायल को शासकीय अस्पताल पाटन में भर्ती कराया है। इसी तरह सिविल लाईन में रजा चौक गली नंबर 3 हनुमानताल निवासी 19 वर्षीय उमर सिद्धिकी देर रात सिविल लाईन से अधारताल अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एमयू 5388 से अपने साथी आफताब मंसूरी एवं फरहान खान के साथ जा रहा था, रात लगभग 1.45 बजे मालगौदाम चौक पहुॅचे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 4138 के चालक ने उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे तीनों मोटर सायकल सहित गिर गये और तीनों घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं रांझी में मानेगांव निवासी 48 वर्षीय इंद्रेश यादव शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे अपनी बहू अमृता को लेने बड़ा पत्थर रांझी गया था जहां से अपनी बहू अमृता को बैठाकर जा रहा था बड़ा पत्थर फुहारा के पास सामने से आ रहा वाहन क्रमांक एमपी 20 एक्स डी 1742 के चालक ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी जिससे दोनों नीचे गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा धारा 281, 125 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए सहायक अभियंता राजेश सहाय निलंबित

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दमोह वृत्त के उत्तर संभाग अंतर्गत हटा उपसंभाग में पदस्थ सहायक अभियंता (संचालन एवं संधारण) राजेश कुमार सहाय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजेश सहाय को 25 जून 2026 को लोकायुक्त सागर की टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। कंपनी प्रबंधन को अधीक्षण अभियंता (संचालन एवं संधारण), वृत्त दमोह से प्राप्त प्रतिवेदन एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई। जारी आदेश के अनुसार निलंबन अवधि के दौरान राजेश सहाय का मुख्यालय मुख्य अभियंता कार्यालय, शहडोल निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार, अनियमितता और कदाचार के मामलों में किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के प्रति किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी। कंपनी का उद्देश्य पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करना है। प्रबंधन ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के प्रत्येक मामले में नियमानुसार त्वरित और कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं के बीच कंपनी की विश्वसनीयता और जवाबदेही बनी रहे।

# रेलवे स्टाफ की सतर्कता से 5 वर्षीय बालिका सकुशल परिजनों से मिली

**जबलपुर**। यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता का एक और प्रेरणादायक उदाहरण पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत कटनी रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। ड्यूटी के दौरान उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) अभिषेक दुबे की सतर्कता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई से अपने माता-पिता से बिछड़ी लगभग 5 वर्षीय बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। स्टेशन निरीक्षण (राउंड) के दौरान श्री दुबे की नजर प्लेटफॉर्म पर रोती हुई एवं असहाय अवस्था में घूम रही बालिका पर पड़ी। उन्होंने बिना विलंब किए बालिका को अपने संरक्षण में लिया, स्टेशन प्रबंधकीय कार्यालय पहुंचाया तथा उसे पानी एवं बिस्किट उपलब्ध कराकर शांत कराया। इसके बाद बालिका से प्राप्त जानकारी के आधार पर स्टेशन पर लगातार उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) कराई गई। कुछ ही समय में बालिका के माता-पिता स्टेशन पहुंचे। आवश्यक पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। बालिका को सुरक्षित पाकर माता-पिता भावुक हो गए और उन्होंने रेलवे प्रशासन एवं स्टेशन स्टाफ के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि “रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता, संवेदनशीलता और मानवीय व्यवहार के कारण हमें हमारी बेटी सुरक्षित वापस मिल गई।



# भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर वृद्धजनों ने मनाई खुशियां

## निराश्रित वृद्ध आश्रम में भागवत कथा का आयोजन, व्यास पीठ से सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री के उदगार

हरिभूमि, जबलपुर।

निराश्रित वृद्ध आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जैसे ही कथा में भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य का प्रसंग आया, पूरा आश्रम ़नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की़ के जयघोष से गूंज उठा। आश्रम में रह रहे वृद्धजन भजनों की मधुर धुन पर झूम उठे और नृत्य करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।



### भक्तों की रक्षा हेतु भगवान लेते हैं अवतार

शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार तथा भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ते हैं, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। कंस के अत्याचारों से पीड़ित संसार को मुक्त कराने के लिए भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से भगवान का स्मरण करने वाले भक्तों की रक्षा स्वयं श्रीकृष्ण करते हैं और संकट की घड़ी में उनका संबल बनते हैं।

### आध्यात्मिक संबल का प्रयास

वृद्धाश्रम की अधीक्षक रेवेन्दु सिंह ने बताया कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं अनुमोदन से निराश्रित वृद्ध आश्रम में निःशुल्क श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के माध्यम से वृद्धजनों को आध्यात्मिक संबल प्रदान करने और उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान पंडित अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया। भजन गायक शरद तिवारी ने कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके साथ शिवा विश्वकर्मा एवं नितिन ने भी मधुर भजनों से भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. सारिका झा, सेवानिवृत्त जेलर अभय वर्मा, पत्रकार सुनील सेन, प्रीति श्रीवास्तव, संध्या चतुर्वेदी, अंजना शुक्ला, उर्मिला पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### लड्डू, माखन-मिश्री और हरीरा का लगा भोग

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान को गुड़ के लड्डू, हरीरा, माखन-मिश्री, खीर और विभिन्न फलों का भोग अर्पित किया गया। आरती एवं पूजन के पश्चात प्रसाद सभी वृद्धजनों और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। भक्ति, सेवा और आत्मीयता से परिपूर्ण इस आयोजन ने वृद्धाश्रम के निवासियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी और जन्माष्टमी उत्सव को अविस्मरणीय बना दिया।

# प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण में समाज की भागीदारी आवश्यकः रश्मि अग्निहोत्री

## जन सहभागिता से बावड़ी का कायाकल्प



सिहोरा। निकटवर्ती गोसलपुर के जुझारी ग्राम में स्थित प्राचीन बावड़ी जो की बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी थी जिसका जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी ने जन सहभागिता के माध्यम से साफ सफाई रंग रोगन गहरीकरण का काम कराया इस कायाकल्प के पश्चात मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ब्लाक के जुझारी गांव के हनुमान मंदिर मे जल चौपाल,बाबडी पूजन पौधारोपण का कार्यक्रम हनुमान मंदिर में जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेद्र अग्निहोत्री,जनपद सदस्य अनिल चौधरी,धर्मेंद्र सिंह राजपूत,सहित अनेक जनप्रतिनिधियों महिलाओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अग्निहोत्री ने जल चौपाल को संबोधित करते हुए कहा की जल है तो कल है। हर व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में जल बचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता से जल स्रोतों को बचाने पर जोर दिया। पौराणिक गौ सेवालय के आशु महाराज ने जल को देवतुल्य बताते हुए कहा की नदियों बावड़ियों तालाबो का संरक्षण हमारी संस्कृति और धार्मिक कर्तव्य का हिस्सा भी है। इस अवसर पर अनिल जैन, ममता चौबे, नर्मदा दुबे, नरेंद्र चौबे, दीपक पटेल, महेंद्र सिंह, दीपक तिवारी, अमित परिहार, राज पटेल,कपिल गर्ग, जितेंद्र चौधरी, संजू चौधरी, नरेश तंतुवाय, श्याम सिंह लोधी,राजा दुबे, सल्लू यादव, सरोज पटेल,उषा गोस्वामी, अनीता, यादव, संदीप पटेल, घनश्याम कोरी, रवि सेन, अर्पित चौबे, लायक खान, रामसिह नेता उपस्थित रहे।

# पहाड़ी खेड़ा में पानी का हाहाकारः पूरे गाँव में एकमात्र हैंडपंप भी 8 दिनों से खराब, ज़िम्मेदार बेखबर

बरेला । ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट थामने के सरकारी दावे ज़मीनी स्तर पर कितने खोखले हैं, इसकी बानगी ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा में देखने को मिल रही है। पूरे गाँव में पानी का एकमात्र सहारा रहा हैंडपंप पिछले 8 दिनों से बंद पड़ा है, जिससे गाँव में पानी के लिए भयानक तबाही का मंज़र है। भीषण गर्मी और उमस के बीच ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन ज़िम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं।



### सरपंच ने जताई नाराज़गी, पीएचई विभाग पर लापरवाही के आरोप

मामले को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष पटेल ने भारी आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि गाँव का एकमात्र हैंडपंप बीते 8 दिनों से पूरी तरह खराब है। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHE) को कई बार लिखित और मौखिक सूचना दी जा चुकी है, लेकिन विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अधिकारियों की इस बेरुखी के कारण पूरे गाँव में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### मजबूरन दूर-दराज से पानी ला रहे ग्रामीण

गाँव में दूसरा कोई साधन न होने के कारण ग्रामीणों को भीषण धूप में कई किलोमीटर दूर से पानी ढोने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है किः घर के रोज़मर्रा के काम ठप पड़े हैं। मवेशियों को पिलाने के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। शिकायत के बाद भी कोई सुध लेने नहीं आया, जिससे लोगों में प्रशासन के खिलाफ भारी गुस्सा है।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को किया जागरूक

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर 26 जून को भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग जबलपुर एवं शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के तत्वावधान में गौतम आईएएस एकेडमी में प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम के संचालक साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने विद्यार्थियों को मादक द्रव्यों से होने वाली मानसिक बीमारियों के विषय में बताया, उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है।



उन्होंने बताया मादक द्रव्यों का नशा केवल व्यक्ति को ही बीमार नहीं करता, बल्कि पूरा परिवार और राष्ट्र एक बड़ी समस्या से ग्रस्त हो जाता है, आज जिस तेजी से आधुनिक जीवनशैली हमारे जीवन का हिस्सा बन रही है, हम टेक्नोलॉजी और अन्य मशीनरी संसाधनों पर निर्भर होते जा रहे हैं उससे हमारे जीवन में तनाव भी तेजी से बढ़ता जा रहा है जिससे कई युवा तनाव ग्रस्त होकर मादक द्रव्यों का सेवन करने लगते हैं, इसलिए आज हमारे समाज को नशे के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि नशा को जो एक बुराई मानने की मानसिकता है उसे दूर किया जा सके। शराब, गांजा, अफीम अन्य मादक द्रव्यों का सेवन कोई बुराई नहीं, बल्कि एक मानसिक बीमारी है और मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, नशा मुक्ति पुनर्वास द्वारा नशे से पीड़ित व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकता है। साथ ही अमित चौबे ने विद्यार्थियों को तनाव को कम करने स्ट्रेस मैनेजमेंट की टिप्स दी और योग, ध्यान एवं अच्छे साहित्य के अध्ययन के लिए बताया। अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा की और बिना तनाव के प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर गौतम आईएएस एकेडमी के शिक्षक सिद्धार्थ गौतम, अमित चौबे की उपस्थिति रही।

# दादा ईश्वरदास रोहाणी की 80वीं जयंती पर आज से चार दिवसीय जनसेवा, खेल और सम्मान समारोह

जबलपुर। मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं जबलपुर के विकास पुरुष के रूप में विख्यात स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी की 80वीं जयंती के अवसर पर दादा रोहाणी सेवा समिति 28 जून से 1 जुलाई तक चार दिवसीय सामाजिक, खेल, स्वास्थ्य एवं जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।इस दौरान फिटनेस रन, विशाल रक्तदान शिविर, रोजगार मेला, श्रद्धांजलि कार्यक्रम और गौरव शिखर सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।



दादा रोहाणी सेवा समिति के अनुसार कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी के सेवा, समर्पण, राष्ट्रभक्ति एवं जनकल्याण के आदर्शों को समाज तक पहुंचाना तथा युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रमों की शुरुआत 28 जून (रविवार) को सुबह 6 बजे ़दादा लीजेंडरी रन उत्सव-2026़ से होगी। शिवाजी ग्राउंड, सदर से शुरू होने वाली यह रन सदर मेन रोड, भारत माता चौक (पेंटीनाका), सृजन चौक और माल रोड से होकर पुनः शिवाजी ग्राउंड पहुंचेगी। इसमें बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी, सामाजिक संगठन और नागरिक भाग लेंगे। 29 जून (सोमवार) को पीएम श्री महाकौशल महाविद्यालय, सिविल लाइंस में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर एवं रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेडिकल कॉलेज, विक्टोरिया अस्पताल और रानी दुर्गावती चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। वहीं रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

30 जून (मंगलवार) को सुबह 6 बजे अंपायर चौक स्थित दादा ईश्वरदास रोहाणी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और नागरिक श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

चार दिवसीय आयोजन का समापन 1 जुलाई (बुधवार) को मानस भवन, राइट टाउन में ़गौरव शिखर सम्मान समारोह़ के साथ होगा। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, खेल, संस्कृति, उद्योग, साहित्य, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है।

समिति ने शहरवासियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, व्यापारिक संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं, खिलाड़ियों, स्वयंसेवी संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों से सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।



## श्री जगन्नाथ देव स्नान कल

जबलपुर । सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन , सिटी बंगाली क्लब, जबलपुर के तत्वावधान में सोमवार, 29 जून 2026 को भगवान श्री जगन्नाथ देव की देव स्नान यात्रा (स्नान पूर्णिमा) का भव्य आयोजन सिटी बंगाली क्लब परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्णिमा पूजा प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगी। इसके पश्चात सायं 6:30 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा का पवित्र देव स्नान संपन्न होगा। इस अवसर पर भगवान को भज्तजनों द्वारा छप्पन (56) भोग अर्पित किए जाएंगे। धार्मिक आयोजन के उपरांत रात्रि 8:00 बजे से डॉ. शिप्रा सुलेरे एवं उनके समूह द्वारा संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए स्वादिष्ट प्रसादम का वितरण किया जाएगा। इसी अवसर पर जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संदीप जैन का बंगाली समाज की ओर से अभिनंदन एवं सम्मान भी किया जाएगा। संस्था के सचिव श्री प्रकाश साहा ने बताया कि इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के शामिल होने की अपेक्षा है। संस्था के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# सांदीपनि विद्यालय की नींव ने तैयार की अग्नि वीरों की फौज



सिहोरा। शहर का गौरव माने जाने वाले सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक और ऐतिहासिक तय उपलब्धि हासिल की है विद्यालय में अध्ययन कर चुके 12 विद्यार्थियों का एक साथ चयन अग्नि वीर के लिए हुआ है जिसमें विद्यालय से राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके अमित गडारी साथ ही अतुल कोल, संजय यादव, दीपक कुशवाहा,साहिल कुशवाहा, निखिल पटेल, अनुज यादव, नारायण पटेल, हरिराम लोधी,अभिषेक रजक,रोहित खगार और सौरभ पटेल उक्त समस्त विद्यार्थियों के चयन में खेल शिक्षक अशोक राय का मार्गदर्शन फिजिकल टेस्ट की तैयारी में होता रहा है। चयनित सभी विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में भी यह अच्छे अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अशोक उपाध्याय ने सभी को डॉक्यूमेंटेशन में बड़ी सहजता के साथ और हर कदम पर मदद के लिए तैयार रहने की बात के साथ उन्नति के मार्ग पर और देश सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं । प्राचार्य उपाध्याय,खेल शिक्षक अशोक राय एवं सुधा उपाध्याय ने ग्राम भिटौनी जाकर अमित गड़ारी का शाल पहनाकर सम्मान किया।






**श्रीमती सुमन शुक्ला-** नया वार्ड 76 इमलिया निवासी श्री दिनेश दत्त शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन शुक्ला का 70 वर्ष की आयु में 27 जून शनिवार को निधन हो गया। आप संदीप शुक्ला, प्रवीण शुक्ला की माताजी थीं। अंतिम संस्कार इमलिया मुक्तिधाम में किया गया।



**श्री मिट्ठू लाल खरे :** ब्रह्मणपुरा वार्ड नं 8 निवासी श्री मिट्ठू लाल खरे का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नारायण प्रसाद,अखिलेश,ब्रजेश खरे के पिता थे।

**श्रीमती सुक्को बाई-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री काशीराम खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती सुक्को बाई (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निर्मला-** केंट छावनी कटंगा नर्मदा रोड निवासी श्री रामनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुदामा बाई साहू-** राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री नत्थू लाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सुदामा बाई साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तुलसा देवी तिवारी-** श्रीराम नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री पुरूषोत्तम लाल तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा देवी तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम खिलावन कोरी-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री राम खिलावन कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विकास बेन-** पुराना शोभापुर पनेहरा पेट्रोल पंप के पीछे जीसीएफ निवासी श्री राजू बेन के पुत्र श्री विकास बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली गौंड़-** फकीरचंद का अखड़ा राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मोहन गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली गौंड़ (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा बाई बर्मन-** लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री झलकन बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई बर्मन (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला देवी जुरयानी-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी स्व. श्री अंशीराम जुरयानी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी जुरयानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती बाई दाहिया-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री स्वामीदीन दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई दाहिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उषा-** राजीव नगर कटंगा निवासी श्री जय गोपाल की धर्मपत्नी श्रीमती उषा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला बाई-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सुखलाल डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बाई (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री दिनेश कुमार सोनी-** अमखेरा मालगुजार परिसर के पास निवासी श्री दिनेश कुमार सोनी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती स्नेहा-** हनुमानताल निवासी श्री नकुल मराठा की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहा (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू कोरी-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री विजय कोरी के पुत्र श्री राजू कोरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

## राजपूत सभा ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती मनाई

जबलपुर। राजपूत सभा जबलपुर के द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 860वीं जयंती शैलपर्ण उद्यान नागपुर रोड जबलपुर में प्रतिमा स्थल परिसर में मनाई गई जिसमें राजपूत सभा जबलपुर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने समाज के युवा सदस्यों से पृथ्वीराज चौहान के पदचिन्हों पर चलकर देश और समाज की सेवा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर राजपूत समाज से दीपक कौशिक, धनराज सिंह, आनंद कौशिक, प्रशांत सिंह, गोलू सिंह, रोहित सिंह राजपूत, विजय सिंह बैस, दीपक सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह भाटी, राजेश ठाकुर, अजय राजपूत आदि उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, ऋषभ सिंह (Rishabh Singh) पिता रामेश्वर सिंह निवासी म.नं. 530, गुरुद्वारा के पास, बिलहरी, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड जिला जबलपुर म.प्र. - 482007 शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ । 2. यह कि मेरे विद्यालय के रिकॉर्ड में मेरा नाम ऋषभ सिंह राजपूत (Rishabh Singh Rajput) दर्ज है। 3. यह कि मेरा परिवर्तित नाम ऋषभ सिंह (Rishabh Singh) है, जो कि मेरे आधार कार्ड नं. 5591 1173 9717 में दर्ज है । 4. यह कि ऋषभ सिंह राजपूत (Rishabh Singh Rajput) एवं ऋषभ सिंह (Rishabh Singh) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता के नाम हैं । 5. यह कि मुझे भविष्य में मेरा नाम ऋषभ सिंह (Rishabh Singh) पढ़ा लिखा व मान्य किया जावे। 6. यह कि मेरे नाम सुधार सूचना प्रकाशित किये जाने बावत यह शपथपत्र पेश है ।

पूर्व नाम :- ऋषभ सिंह राजपूत (Rishabh Singh Rajput)
परिवर्तित नाम :- ऋषभ सिंह (Rishabh Singh)

**नाम सुधार सूचना**

मैं गजेंद्र पारासर उम्र 42 वर्ष s/o श्री हरिशंकर पारासर मेरी 10 वीं की अंकसूची में मेरा नाम गजेंद्र कुमार पारासर s/o श्री हरिशंकर पारासर लिखा हुआ है। जो बदल कर गजेंद्र पारासर कर लिया है। जो कि मेरे पेन कार्ड ,आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मुझे मेरे नए नाम गजेंद्र पारासर से जाना जाए।

नया नाम-गजेंद्र पारासर
पुराना नाम -गजेंद्र कुमार पारासर
पता मकान नंबर 16, फेस 2,गोकुलधाम रेसीडेंसी, न्यू रामनगर, आमखेरा, अधारताल,जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. JC-734531W RANK SUB NAME BHOSALE NITIN BHAGWAN S/O LATE BHOSALE BHAGWAN MAHATU OF UNIT 506, ARMY BASE WKSP, RANJHI, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 4399 3328 2963 I have changed name of my DAUGHTER, from SIDDHI BHOSALE (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to BHOSALE SIDDHI NITIN (name as per my DAUGHTER AADHAR CARD NO. 9522 9320 4258 AND EDUCATION CERTIFICATE) vide affidavit dated 27/06/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
BHOSALE SIDDHI NITIN
INCORRECT NAME
SIDDHI BHOSALE

**सम्मानित व्यापारी बंधुओं**

हम विंध्य चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नवीन कार्यकारिणी हेतु मतदान करने जा रहे हैं। मैं मनोहर डिगवानी, अध्यक्ष पद हेतु आपसे करबद्ध निवेदन करता हूँ की मेरे साथ मनोज कटारे महामंत्री पद हेतु, कैलाश अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु, अभिषेक जैन कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु, मनोज अरोड़ा मंत्री पद हेतु, रोहित अग्रवाल सहमंत्री पद हेतु एवं कमल पुरुस्वानी कोषाध्यक्ष पद हेतु आपकी सेवा के लिए तत्पर हैं। आप सभी जानते हैं कि हमारी पूरी टीम एक अनुभवी टीम है, जिसने आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है आपके सहयोग से हमें सदैव सफलता मिली है।मैंने अपने जीवन में हमेशा यही प्रयास किया है कि सबको साथ लेकर चलूं और "मैं नही हम" की भावना के साथ कार्य करूं। हम संकल्प करते हैं कि आप हम पर भरोसा कर यह जवाबदारी हमें सौंपें हम आपका भरोसा कायम रखेंगे । हमने अपना संकल्प पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत किया है । यदि आपके और भी कोई सुझाव होंगे तो उन सुझावों को साथ लेकर, सभी सहयोगी संस्थाओं को साथ मिल कर एवं बुजुर्गों के द्वारा बनाई गई संस्था का गौरव पुनः स्थापित करेंगे हम चेंबर को नई दिशा, नई गति प्रदान करेंगे।मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैं और मेरी पूरी टीम विंध्य चैम्बर ऑफ कॉमर्स को नवीन ऊंचाइयों पर ले जाने का भरसक प्रयत्न करेंगे। यह पद नहीं, जवाबदारी है। हमारा संकल्प है - संवाद, समन्वय और सहयोग से मिलकर, कंधे से कंधा मिलाकर, हर व्यापारी भाई की आवाज बनेंगे हम चेंबर को व्यापार के समाधान का मंच बनाएंगे।आपका सहयोग, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हमें सदैव मिलता रहे, यही हमारी कामना है। मैं आपसे अनुरोध करता हूँ की हमारी टीम को चुनकर हमारी जवाबदारी सौंपे हम सेवा के लिए संकल्पित हैं।

आइये मैं नहीं हम के भाव साथ सतना के व्यापार एवं विकास को नई गति दें

आपका अपना मनोहर डिगवानी अध्यक्ष पद प्रत्याशी

## वेनेजुएला में भूकंप के फिर लगे झटके

# 51 हजार से ज्यादा लापता, अब तक 920 मौतें, 3300 घायल

कराकस। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में लगातार आफत जारी है। 25 जून को आए दो भूकंप के बाद स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर को एक और भूकंप आया। देश के उत्तरी तट के पास आए इस भूकंप की तीव्रता 4.9 मापी गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, राजधानी कराकास और माराके में भी झटके महसूस किए गए। इधर, पिछले भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 920 हो गई है। 3360 से ज्यादा घायल हैं, जबकि 51,700 से ज्यादा लोग लापता हैं। कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं। कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं।









### अगले 72 घंटे हैं अहम

राहत और बचावकर्मियों द्वारा युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इन्होंने बताया कि मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए 42 से 72 घंटे बहुत अहम होते हैं। इस आपदा के बाद वेनेजुएला में अंतरराष्ट्रीय राहत और बचाव दल भी पहुंचना शुरू हो गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

**खबर संक्षेप**

### गाजा पर मोदी सरकार क्यों है चुप : सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गाजा के मामले में नरेन्द्र मोदी सरकार की 'निरंतर चुप्पी' पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा कि भारत को फलस्तीनियों के समर्थन में स्पष्ट और मुखर रुख अपनाना चाहिए तथा गाजा और वेस्ट बैंक में हो रही घटनाओं पर वैश्विक जनमत के अनुरूप प्रतिक्रिया देनी चाहिए। गांधी ने एक अंग्रेजी दैनिक के लिये लिखे लेख में संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि गाजा में बच्चों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है और वहां की मानवीय स्थिति बेहद भयावह हो चुकी है।

### स्टालिन को लगा झटका एमडीएमके ने छोड़ा साथ

**चेन्नई।** तमिलनाडु में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में स्टालिन की डीएमके को एक और झटका लगा है। एमडीएमके ने औपचारिक रूप से डीएमके के साथ अपना नौ साल पुराना गठबंधन समाप्त कर दिया है। हालांकि उसने सत्तारूढ़ टीवीके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। यह निर्णय पार्टी की आम सभा की बैठक में लिया गया। अपने प्रस्तावों में एमडीएमके ने मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की सरकार का स्वागत किया और उससे प्रमुख चुनावी वादों पर अडिग रहने का आग्रह किया। जिसमें भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन बनाए रखना और मेकेदातु बांध परियोजना जैसे मुद्दों पर तमिलनाडु के अधिकारों की रक्षा करना शामिल है। प्रस्तावों में टीवीके गठबंधन में शामिल होने का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया।

## मिडिल ईस्ट में तनाव, ईरान ने भी किया बहरीन पर अटैक

# युद्धविराम पर फिर मंडराया संकट, अमेरिका ने ईरान के मिसाइल, ड्रोन ठिकानों पर किए हमले

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

*अमेरिका और ईरान के बीच जंग की चिंगारी फिर भड़कने लगी है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे कार्गो शिप पर ईरानी हमले से ट्रंप प्रशासन बौखला गया है। ताजा कार्रवाई में अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान के मिसाइल और ड्रोन साइट्स को निशाना बनाया। इधर, अमेरिका द्वारा किए गए रातभर के हवाई हमलों के बाद ईरान ने भी शनिवार को बहरीन में ड्रोन अटैक और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक जहाज पर भी हमला किया।*

अमेरिका ने ईरान पर शुक्रवार को करीब एक घंटे तक हमले किए। इस दौरान अमेरिकी सेना ने उसके मिसाइल और ड्रोन ठिकानों और तटीय रडार साइट्स को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान ने सीजफायर तोड़ा है और इसलिए उस ये जवाबी कार्रवाई की गई। अमेरिका ने यह कार्रवाई तब की है, जब तेहरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक कमर्शियल कार्गो शिप पर हमला किया था। हाल ही में दोनों देशों के बीच स्विट्जरलैंड में एक नाजुक समझौता हुआ था और इस हमले के बाद दोनों के बीच फिर से तनाव दिख रहा है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 'हिंसा का जवाब हिंसा से मिलेगा।' जेडी वेंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईरान ने युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और अमेरिका ने उसका पूरी तरह सम्मान किया। अगर समझौते (एमओयू) को लेकर किसी तरह का विवाद है तो बातचीत का रास्ता अपनाया जाना चाहिए, लेकिन अगर हिंसा का सहारा लिया गया तो उसका जवाब भी उसी भाषा में दिया जाएगा। वेंस ने कहा, 'अगर किसी बात से दिक्कत है तो आपके पास फोन है। लेकिन अगर हिंसा करोगे तो हिंसा का जवाब हिंसा से ही मिलेगा।'

### अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी हमला

अमेरिकी हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने भी अमेरिकी हमलों का जवाब देते हुए इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर अटैक किया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी ठिकानों पर ये हमले तब हुए जब आईआरजीसीने वॉशिंगटन को धमकी दी कि पहले हुए हमलों का जवाब जरूर दिया जाएगा और तेहरान इसका निर्णायक जवाब देगा।



**ट्रंप ने होर्मुज में कार्गो शिप पर हमले के जवाब में किया पलटवार**

### स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर दुनिया फिर चिंतित

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे बिजी समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक है। यहां पर इन दोनों देशों में एक बार फिर सीजफायर खत्म होते देख दुनिया की चिंता बढ़ना स्वभाविक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से को कच्चे तेल और गैस की सप्लाई होती है। इस क्षेत्र से सप्लाई सामान्य होने पर जीवाश्म ईंधन की कीमतें भी सामान्य रहती हैं लेकिन यह मार्ग डिस्टर्ब होने से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था और तेल की कीमतें प्रभावित होती है। दुनिया की कुल मांग का 20 फीसदी कच्चा तेल इसी रास्ते से पास होता है।

### ईरान ने बनाया बहरीन पर निशाना

*अमेरिका द्वारा किए गए रातभर के हवाई हमलों के बाद ईरान ने शनिवार को बहरीन को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमला किया, जबकि दूसरी ओर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक जहाज पर भी हमला हुआ। बहरीन पर ईरान का हमला संयोग नहीं माना जा रहा है। बहरीन ईरान के सबसे मुखर आलोचकों में से एक है और वहां अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े का मुख्यालय भी स्थित है। हाल ही में बहरीन ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी की थी, जहां खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी।*

## हैदराबाद में ट्रंप के नाम पर सड़क, भारत आएंगे अमेरिका के राष्ट्रपति!



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के संबंधों में उतार चढ़ाव के बीच तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर एक सड़क का नाम रखा गया है। अपने नाम पर सड़क बनाए जाने को ट्रंप ने अनोखा पल बताया है और इसके लिए लिए भारत का आभार जताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर उद्घाटन समारोह की तस्वीर शेयर करते हुए इसे अभूतपूर्व सम्मान बताया। बता दें, कुछ दिन पहले तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास वाली सड़क का नाम बदलकर 'डोनाल्ड ट्रंप एवेन्यू' रखा है। सरकार का कहना है कि इसका मुख्य उद्देश्य भारत-अमेरिका के रिश्तों को मजबूत करने में हैदराबाद की भूमिका को आगे लाना है।



### यहां पर है यह सड़क

यह सड़क नानकरामगुड़ा के फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट में स्थित है, जहां कई बड़ी अंतरराष्ट्रीय टेक कंपनियों के दफ्तर भी काम कर रहे हैं। इस सड़क के नाम की पट्टी (नेमप्लेट) का उद्घाटन इसी हफ्ते एक कार्यक्रम में किया गया था। इस मौके पर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर सहित तेलंगाना सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दरअसल, यह पूरा आयोजन अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने के जश्न से जुड़ा था।

### अगले साल भारत आएंगे ट्रंप!

*ट्रंप अगले साल 2027 की शुरुआत में भारत दौरे पर आ सकते हैं। यह संकेत अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दिए हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हम उम्मीद कर रहे हैं, इस दिशा में काम भी कर रहे हैं कि अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रंप की भारत यात्रा तय हो सके। यह बहुत सकारात्मक कदम है। भारत वर्तमान में अमेरिका का बेहद करीबी बिजनेस पार्टनर और सहयोगी है। इस यात्रा से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के संबंध घनिष्ठ हो सकते हैं। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच होने वाले द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है।*

## पीओजेके में मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप, यूएन से हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी ⏭ जिनेवा



जिनेवा में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मुख्यालय के बाहर स्थित 'ब्रोकन चेयर' स्मारक पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 62वें सत्र के दौरान आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना और सुरक्षा बल पीओजेके में लोगों पर दमन कर रहे हैं। यूकेपीएनपी के नेताओं जमील मकसूद और अमजद यूसुफ ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर दबाव बनाया जाए ताकि वह अपनी सुरक्षा बलों को क्षेत्र से हटाए और रावलाकोट में जारी घेराबंदी खत्म करे। आयोजकों ने नागरिकों के खिलाफ बल प्रयोग और शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के आरोपों की स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की मांग भी की।

### पीओके पीएम की पाक रक्षा मंत्री को दो टूक

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रावलकोट और मीरपुर के निवासी असली कश्मीरी नहीं हैं। उनके इस बयान की पीओके के पीएम फैसल मुमताज राठौर ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को अपनी पहचान के लिए पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ या किसी और से पुष्टि की जरूरत नहीं है।

## हीरा खनन की तैयारी, बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में बड़े व्यास की ड्रिलिंग को एनसीएल बोर्ड की मंजूरी

**हीरे के वास्तविक भंडार का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड (एनसीएल) के निदेशक मंडल की नई दिल्ली में आयोजित बैठक में महासमुंद जिले के बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में परियोजना के अगले चरण को मंजूरी देते हुए लार्ज डायमीटर ड्रिलिंग शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह कदम इस क्षेत्र में हीरे के वास्तविक भंडार का वैज्ञानिक आकलन करने और भविष्य में व्यावसायिक हीरा खनन का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक : सौरभ

बैठक में यह भी दोहराया गया कि सभी परियोजनाओं में पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक खनन, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा स्थानीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष निदेशक सौरभ सिंह ने कहा, खनिज संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और उद्योगों का संतुलित विकास देश की आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। बलौदा-बेलमुंडी की हीरा परियोजना छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख हीरा उत्पादक राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हो सकती है।

### बहु-खनिज विकास की दिशा आगे बढ़ी

एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड (एनसीएल) भारत सरकार के उपक्रम एनएमडीसी लिमिटेड (51 प्रतिशत) तथा छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (49 प्रतिशत) का संयुक्त उपक्रम है। कंपनी अब तक लौह अयस्क परियोजनाओं पर केंद्रित रही है, लेकिन बलौदा-बेलमुंडी में प्राकृतिक हीरों की पुष्टि के बाद यह बहु-खनिज विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। एनसीएल द्वारा स्ट्रीम सेडिमेंट सैंपलिंग, भू-भौतिकीय सर्वेक्षण और लक्षित ड्रिलिंग के माध्यम से किम्बरलाइट पाइप की पहचान की गई। इसके बाद लगभग 200 टन बल्क सैंपल का परीक्षण एनएमडीसी के पन्ना डायमंड प्रोसेसिंग प्लांट में किया गया, जहां 1.22 कैरेट वजन के पांच प्राकृतिक हीरे प्राप्त हुए। इससे इस क्षेत्र में हीरा युक्त भू-संरचना की वैज्ञानिक पुष्टि हो चुकी है।

## विदेश मंत्रालय ने जारी की ई-नीलामी, चलेगी 30 जून तक

# रोलेक्स घड़ी, चांदी के खंजर, 300 तोहफे होंगे नीलाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने तोशाखाना में सुरक्षित विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भारत सरकार के अधिकारियों और प्रतिनिधियों को भेंट किए गए करीब 300 उपहारों की ई-नीलामी जारी की है। बता दें कि इस नीलामी में लग्जरी घड़ियों, आभूषणों, स्मृति चिन्हों, सजावटी वस्तुओं और अन्य दुर्लभ उपहारों को शामिल किया गया है।

ई-नीलामी आठ जून से शुरू हुई थी और 30 जून तक चलेगी। तोशाखाना वह आधिकारिक भंडार है, जहां विदेश यात्राओं या भारत में विदेशी प्रतिनिधियों से सरकारी अधिकारियों को प्राप्त उपहार सुरक्षित रखे जाते हैं। संशोधित तोशाखाना नियम, 2024 के तहत पहली बार इन उपहारों की सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित की जा रही है। इसमें केवल भारत के निवासी नागरिक पंजीकरण कर बोली लगा सकते हैं और खरीदी गई वस्तुओं की डिलीवरी भी देश के भीतर ही की जाएगी।

**तोशाखाना में विदेशी मेहमानों से मिले हैं करीब 300 से ज्यादा उपहार**

**अल अरबाश ब्रांड का एक शानदार आभूषण सेट :** नीलामी में कुवैत के प्रसिद्ध अल अरबाश ब्रांड का एक शानदार आभूषण सेट भी शामिल है। करीब 9.52 लाख रुपये की आधार कीमत वाले इस सेट में नेकलेस, ब्रेसलेट और ईयररिंग्स शामिल हैं। यह ब्रांड पारंपरिक शिल्पकला और पारिवारिक विरासत के लिए जाना जाता है।



### नीलामी में रोलैक्स की यॉट मास्टर-2 घड़ी

नीलामी में सबसे आकर्षक वस्तुओं में लग्जरी ब्रांड रोलैक्स की यॉट मास्टर-2 घड़ी शामिल है, जिसकी शुरुआती बोली 16.52 लाख रुपये रखी गई है। इसके अलावा कार्टियर की प्रतिष्ठित सैंटोस ड्यूमोंट श्रृंखला की घड़ी भी नीलामी का हिस्सा है, जिसकी आधार कीमत 5.02 लाख रुपये निर्धारित की गई है। पोर्टल पर इस घड़ी को आधुनिक तकनीक और कालातीत डिजाइन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया है।

### प्राचीन चांदी के सिगरेट बॉक्स की कीमत 12,030 रुपये

*इसके अलावा प्राचीन चांदी का सिगरेट बॉक्स भी बोली के लिए उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती कीमत 12,030 रुपये रखी गई है। इस दुर्लभ वस्तु के ढक्कन पर हाथ से उकेरी गई कलात्मक आकृतियां हैं, जबकि इसका भीतरी हिस्सा अब भी चमकदार चांदी की गुणवत्ता को दर्शाता है। इसे उत्कृष्ट धातु शिल्पकला का नमूना बताया गया है। ई-नीलामी पोर्टल पर प्रत्येक वस्तु के साथ उसका संक्षिप्त विवरण और पृष्ठभूमि भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि जो भी इसे खरीदना चाहता है वो उसकी विशेषताओं और महत्व को समझ सकें। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीलामी में शामिल अधिकांश वस्तुएं विरासत, स्मृति, सजावट, संग्रहणीय या औपचारिक महत्व की हैं और जरूरी नहीं कि उनका व्यावसायिक या दैनिक उपयोग हो।*

**15 साल पुरानी कार में सेफ्टी सिस्टम अचानक हुआ एक्टिव**

# खड़ी कार का एयरबैग खुलने से युवक की मौत

एजेंसी ⏭ ठाणे।

महाराष्ट्र के ठाणे में एक खड़ी कार में अचानक एयरबैग खुलने से 25 साल के युवक मौत हो गई। युवक एक कार डीलर था। वह एक 15 साल पुरानी कार के अंदर बैठा था। तभी अचानक गाड़ी का सेफ्टी सिस्टम एक्टिव हो गया।

एयरबैग इतनी तेजी से खुला कि उसके जोरदार झटके से युवक को गंभीर चोटें आईं और मेडिकल मदद मिलने से पहले ही ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। युवक को चोट कहां लगी इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। यह घटना बुधवार को ठाणे के काशिमीरा इलाके में हुई। जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।



### एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज

ठाणे पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि कार भले ही पुरानी थी, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार उसके पास वैलिड फिटनेस सर्टिफिकेट था। पुलिस ने मामले में एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज किया है। पुलिस जांच के लिए ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट्स से भी सलाह ले रही है। एयरबैग खुलने की स्पीड 200 से 300 किमी/घंटा के बीच हो सकती है। इस वजह से तेज झटका लगता है। इससे बचने के लिए सीट बेल्ट लगाना जरूरी होता है। सीट बेल्ट ना लगाने की स्थिति में जोरदार झटका लगने से गंभीर चोट लग सकती है या मौत भी हो सकती है।



# कमल हासन ने बताया अंडरवर्ल्ड और काले धन का कड़वा सच...

**मुंबई।** फिल्म निर्माता कमल हासन ने साल 2017 में एक इवेंट में बताया था कि उन्होंने बॉलीवुड से दूरी क्यों बनाई। उस इवेंट में उन्होंने कहा था कि फिल्म इंडस्ट्री के अंडरवर्ल्ड से रिश्ते और काले धन का खेल उन्हें बहुत असहज करता था। उन्होंने अपने शब्दों में कहा था, 'मैं वहां नहीं रुकना चाहता था, या तो उससे लड़ूं या फिर डर के आगे झुक जाऊं।' कमल ने बताया कि काले धन से दूर रहने का यह फैसला उन्होंने बहुत पहले अपने भाई के साथ मिलकर लिया था। उन्हें यह प्रेरणा सिनेमैटोग्राफर विंसेंट से मिली थी। 1980 के दशक में 'एक दूजे के लिए' और 'सागर' जैसी हिट फिल्में देने के बाद भी, इसी फैसले की वजह से उन्होंने बॉलीवुड के बजाय ज्यादातर तमिल सिनेमा में अपना करियर बनाया।

लाइफ Style



# दीपिका
## पहले फराह की सलाह ने बदली राह

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार दीपिका पादुकोण ने साल 2007 में सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से हिंदी सिनेमा में एक धमाकेदार शुरुआत की थी। फराह खान के निर्देशन में बनी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में शाहरुख और दीपिका दोनों ही दोहरे किरदारों (डबल रोल) में नजर आए थे।

हाल ही में रिलीज हुए अपने एक नए कुकिंग व्लॉग में फराह खान ने बताया कि उन्होंने अपनी खोज यानी दीपिका पादुकोण को उनकी पहली फिल्म 'ओम शांति ओम' के सेट पर उतारने से पहले कितनी कड़ी तैयारी करवाई थी। फराह खान ने बताया कि उन्होंने दीपिका को सीधे कैमरे के सामने खड़ा नहीं किया था। फराह ने कहा, मैंने दीपिका को लॉन्च करने से पहले उसका बहुत ख्याल रखा। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने उसे करीब 3-4 महीनों के लिए अनुपम खेर की एक्टिंग क्लास में भेजा, ताकि वह अभिनय की बारीकियां सीख सके। इसके बाद उसकी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर करने के लिए मैंने उसे कथक डांस की क्लास जॉइन करवाई। हमने फिल्म के किरदारों के लिए उसके कई अलग-अलग लुक टेस्ट भी किए थे। फराह ने आगे एक बेहद दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए बताया, "जब फिल्म की मुख्य शूटिंग शुरू हुई, तो मैंने पहले 10 दिनों तक दीपिका का कोई भी सीन शूट नहीं किया। मैंने उससे साफ कह दिया था कि तुम पहले 10 दिन बस सेट पर आओगी और वहां चुपचाप बैठकर देखोगी कि शाहरुख खान कैसे काम करते हैं और श्रेयस तलपड़े किस तरह दृश्यों को जीवंत बनाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



### हाउस ऑफ द ड्रैगन का जलवा बरकरार

**लॉस एंजिल्स।** 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' के तीसरे सीजन की शुरुआत धमाकेदार रही है। इसे पहले 3 दिनों में 2.15 करोड़ लोगों ने देखा है। यह संख्या पिछले सीजन के शुरुआती एपिसोड के 2.34 करोड़ व्यूअर्स से थोड़ी कम जरूर है। इसके बावजूद, शो की पकड़ दर्शकों पर बनी हुई है और अब निर्माताओं के चौथे और आखिरी सीजन की तैयारी कर रहे हैं। 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 1 बना हुआ है सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च- शो का सीजन 1 आज भी सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च माना जाता है। इसने 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के खत्म होने के बाद एचबीओ के लिए कई नए रिकॉर्ड बनाए थे।



### फिल्म 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड निर्देशक चार्ली बीन की एनिमेटेड फिल्म 'डोंकी' से जुड़ा सबसे बड़ा अपडेट आ गया है। एनिमेशन फिल्में बनाने वाले ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने यूनिवर्सल पिक्चर्स के साथ मिलकर फिल्म की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया। यह चर्चित एनिमेटेड फिल्म 'श्रेक' (2001) फ्रैंचाइजी की एक स्पिन-ऑफ होगी, जो श्रेक के मजेदार और बड़बोले दोस्त डोंकी की शुरुआती कहानी को दिखाएगी। मशहूर अभिनेता एडी मर्फी एक बार फिर 'डोंकी' के किरदार को अपनी जादुई आवाज देंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुछ दिन पहले 'श्रेक 5' का टीजर जारी करते हुए बताया था कि फिल्म 2027 की गर्मियों में रिलीज किए जाने की योजना है। अब निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है। 'श्रेक 5' की रिलीज के एक साल बाद, यानी 30 जून, 2028 को यह स्पिन-ऑफ सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



## हॉलीवुड में मेरा बेस्ट काम अभी बाकी

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा उन गिने-चुने भारतीय कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े हैं। प्रतिष्ठित 'कान लायंस' सम्मेलन में अपने हॉलीवुड सफर पर चर्चा करते हुए प्रियंका ने वैश्विक मंच पर और अधिक विविध काम करने की इच्छा जताई। 'बेवॉच', 'द मैट्रिक्स रेजरेक्शन्स' और हालिया एडवेंचर फिल्म 'द ब्लफ' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में अभिनय करने के बाद भी उनका कहना है कि पश्चिमी सिनेमा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है। उन्होंने साझा किया कि भारत में उन्होंने बेहतरीन निर्देशकों के साथ हर तरह के जॉनर और किरदारों को जिया है, लेकिन अमेरिका में अंग्रेजी भाषा के काम में वे अभी तक वैसी विविधता नहीं ला पाई हैं।



## मिर्जा: द मूवी में दिखेंगे खूंखार अवतार

**मुंबई।** 'मिर्जापुरः द मूवी' के नए कैरेक्टर पोस्टर सामने आ गए हैं। इन पोस्टरों में फैंस को जितेंद्र कुमार, अभिषेक बनर्जी और रवि किशन के किरदारों की पहली झलक देखने को मिली है। इससे पहले एक टीजर भी आया था, जिसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया जैसे आइकॉनिक किरदार दोबारा दिखाए गए थे। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह बढ़ गया है। जितेंद्र बबलू पंडित के किरदार में हैं और वे हथियार पकड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिषेक बनर्जी एक बार फिर इंटेंस कंपाउंडर के रूप में लौट रहे हैं, वहीं रवि किशन बबन बबुआ बनकर एक दमदार अवतार में दिखेंगे। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है और इसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है।

## टीवी मसाला





### 'बिग बॉस 20': चारू ने क्यों ठुकराया सलमान का शो? कारण छू लेगा दिल

**मुंबई।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस सीजन 20' को लेकर सोशल मीडिया पर हलचल शुरू हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस साल शो सितंबर के आखिर तक टीवी पर वापसी कर सकता है। निर्माताओं ने जानी-मानी हस्तियों को शो में शामिल करने के लिए उनसे संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। अभिनेत्री चारू असोपा को भी प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकारने की बजाए ठुकरा दिया। उन्होंने इसका कारण भी खुद बताया है। चारू ने अपने व्लॉग में लिखा, '2 दिन पहले मुझे 'बिग बॉस' से कॉल आया था, लेकिन मैंने अपनी जिंदगी में जो भी बदलाव किए हैं, वे सब जियाना के लिए हैं। मैं उससे दूर नहीं रहना चाहती। मेरा मकसद ऐसा काम करना है जिससे मैं उसके साथ समय बिता सकूं और एक मां के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभा सकूं।' उन्होंने बताया कि वह ऐसी भूमिकाएं नहीं निभाना चाहेंगी, जिनके लिए उन्हें अपनी बेटी से दूर रहना पड़े।

***बेटी के पास रहते हुए काम करना चाहती हैं अभिनेत्री :*** चारू ने आगे बताया कि अगर उन्हें काम के चलते अपनी बेटी से दूर रहने में दिक्कत नहीं होती, तो वह मुंबई नहीं छोड़तीं। उनकी जिंदगी जियाना के इर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटी की सभी आकांक्षाओं को पूरा करना चाहती हैं। बता दें, चारू की शादी सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन से हुई थी। हालांकि जून, 2023 में दोनों का तलाक हो गया था। अभिनेत्री अपनी बेटी की परवरिश अकेली मां बनकर कर रही हैं।

### रियलिटी शो 'अलायंस' में सोहेल होंगे शामिल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोहेल खान प्राइम वीडियो के रियलिटी शो 'अलायंस' में वाइल्डकार्ड एंट्री लेने जा रहे हैं। वे इस शो के पहले



वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में शामिल हुए हैं। कुणाल इस शो को होस्ट कर रहे हैं, जिसमें 16 सेलिब्रिटीज को जोड़ियों में बांटा जाता है। इन जोड़ियों को कई चीजों से होकर गुजरना पड़ता है। हालांकि, सोहेल पहले भी कई शोज को जज कर चुके हैं, लेकिन रियलिटी टीवी पर बतौर प्रतियोगी यह उनकी पहली एंट्री होगी। सोहेल की एंट्री अगले हफ्ते टेलीकास्ट होगी। इससे डैजी शाह-जैद दरबार और कुशाल टंडन-अर्स्लान गोनी जैसी पहले से मौजूद जोड़ियों के बीच एक नया ट्विस्ट आएगा। खास बात यह है कि सोहेल की पूर्व पत्नी सीमा सजदेह के भी शो में शामिल होने की अफवाहें हैं। ऐसे में लगातार फिल्माए जा रहे 'सेफ रूम' के उन लम्हों में क्या नया ड्रामा होगा, इसे देखने के लिए दर्शक बेहद उत्सुक हैं। बनजय एशिया द्वारा निर्मित यह शो 'अलायंस' अपनी शुरुआत से ही दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

## 'धर्मन' के लिए कसी कमर जबरदस्त है थलाइवा का अंदाज



**मुंबई।** तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' का आधिकारिक नामकरण हो चुका है। इसे 'धर्मन- द डेडली डॉक्टर' शीर्षक दिया गया है। हाल ही में निर्माताओं ने इस ऐलान के साथ अभिनेता की पहली झलक भी सोशल मीडिया पर जारी की थी। अब ताजा अपडेट है कि सुपरस्टार ने अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उनका एक और पोस्टर जारी किया गया है, जिससे फैंस के बीच उत्साह का माहौल है।

### डॉक्टर के लुक में दमदार दिखे रजनीकांत

राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर रजनीकांत का पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता डॉक्टर का खून से लथपथ कोट हाथ में पकड़े हुए हैं। दूसरे हाथ में उनका पहचान पत्र है, जबकि गले में स्टेथोस्कोप पड़ा हुआ है और जमीन पर कई सारी बंदूक की गोलियां बिखरी हुई हैं। उनका यह अंदाज एक ऐसे डॉक्टर की एक्शन से भरपूर कहानी की तरफ संकेत देता है, जिसका एक खतरनाक विद्रोही पक्ष भी है।

### रजनीकांत और कमल हासन की एक साथ वापसी

निर्माता कमल हासन ने 'थलाइवर 173' का ऐलान इसी साल जनवरी में किया गया था। इसके जरिए वह और रजनीकांत पेशेवर तौर पर करीब 47 साल बाद साथ में आ रहे हैं। दोनों की आखिरी फिल्म 'अल्लाउदीनम अर्पुथा विलाक्कुम' (1979) में आई थी। राशि खन्ना भी फिल्म में शामिल हो चुकी हैं और कुछ दिन पहले उन्होंने सेट से मुहूर्त की तस्वीरें साझा की थीं। इस परियोजना के निर्देशन की कमान अश्वथ मारिमुथु ने संभाली है।

## 'वेलकम 2 द जंगल' की कमाई से होगी वीर नारियों की मदद, निर्माता ने किया ऐलान...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसी बीच फिल्म के निर्माता फिरोज ए नाडियाडवाला ने देशभक्ति और इंसानियत की एक अनोखी मिसाल पेश की है। उन्होंने अपनी इस फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की विधवाओं (वीर नारियों) के कल्याण के लिए दान करने का एक बेहद नेक और बड़ा संकल्प लिया है।




### नाडियाडवाला का दिल जीतने वाला संकल्प

फिरोज ने ऐलान किया कि फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की वीर नारियों के कल्याण के लिए दान किया जाएगा। ये राशि इस दिशा में काम करने वाले संगठनों को दी जाएगी। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म की कहानी भी भारतीय सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें मुख्य किरदार शुरुआत में आर्मी अफसर बनने का नाटक करते हैं, लेकिन बाद में देश की मदद के मिशन में जुट जाते हैं।

### *फिरोज की फिल्म निर्माताओं से अपील*

*फिरोज नाडियाडवाला ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी सिर्फ बड़ी कंपनियों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की होती है। उनका मानना है कि सभी को एक-दूसरे की मदद कर दुनिया को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य दूसरे फिल्म निर्माताओं को भी प्रेरित करना है। फिरोज ने सभी निर्माताओं से अपील की कि वे अपनी फिल्मों की कमाई का कुछ हिस्सा एनजीपी, खासकर अनाथ लड़कियों की मदद करने वाली संस्थाओं को दान करें।*

## 'अल्फा' से 'ईथा' तक, बॉलीवुड में महिला प्रधान फिल्मों का होगा बड़ा धमाका...

**मुंबई।** बॉलीवुड में जल्द ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनकी कहानी महिला प्रधान किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। इन फिल्मों में एक्शन, थ्रिलर, क्राइम और बायोपिक जैसी कई कहानियां देखने को मिलेंगी। आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' से लेकर श्रद्धा कपूर की 'ईथा' तक कई बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं।

### 'अल्फा', 'ईथा' और 'बेबी डू डाई डू'

स्पाई-एक्शन फिल्म 'अल्फा' में मुख्य किरदार में आलिया और शरवरी हैं। यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'ईथा' महाराष्ट्रीयन तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर अधारित है। इसमें श्रद्धा मुख्य भूमिका में है। यह फिल्म 28 अगस्त रिलीज होगी। फिल्म 'बेबी डू डाई डू' 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण हुमा कुरैशी ने किया है और इसमें उन्होंने अभिनय भी किया है।



### 'शक्ति शालिनी' 'दायरा' और' मायसा'

मैडॉक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा नजर आएंगी। यह फिल्म साल 2027 के शुरुआत में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' 18 सितंबर को रिलीज होगी। इसमें करीना कपूर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मायसा' साल 2026 के अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें रश्मिका मंदाना एक बिल्कुल नए और दमदार किरदार में नजर आएंगी।

## 'वेलकम 4' में फिर जमेगी नाना पाटेकर और अनिल कपूर की जोड़ी ...



**मुंबई।** 'वेलकम टू द जंगल' में नाना पाटेकर और अनिल कपूर नजर नहीं आए, जिससे फैंस को उनकी कमी खली, लेकिन अक्षय कुमार ने एक उम्मीद भरी बात कही है। उन्होंने इशारा दिया है कि अगर कभी 'वेलकम 4' बनी, तो आप उन सबको साथ देख पाएंगे। ये दोनों कलाकार पुरानी 'वेलकम' फिल्मों के चहेते रहे हैं, इसलिए उनके दोबारा एक साथ आने की खबर ने सबको उत्साहित कर दिया है।

*निर्देशक अहमद ने कही ये बात :* निर्देशक अहमद खान ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान वे नाना और अनिल दोनों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि नाना खुद ही फिल्म के बारे में जानकारी लेते रहते थे, जबकि अनिल ने कहा था कि वे दोबारा उनके साथ काम करना पसंद करेंगे। इस फिल्म में सुनिल शेट्टी, अरशद वारसी, परेश रावल, दिशा पटानी और लारा दत्ता भी हैं।